## ONDC नेटवर्क में 500+ शहरों से 3 लाख+ विक्रेता/सेवा प्रदाता 1 करो+ एसकेयू शामिल हैं

**ओएनडीसी नेटवर्क** उत्पादों की श्रेणियों और शहरों में तेजी से विस्तार।



#वोकल फॉर लोकल |#आत्मनिर्भर भारत

### विक्रेता नेटवर्क प्रतिभागी

ओएनडीसी नेटवर्क पर आपके पंजीकरण और ऑनबोर्डिंग में सहायता करते हैं, जहां आप अपने उत्पादों की ऑनलाइन बिक्री कर सकते हैं।

### क्रेता नेटवर्क प्रतिभागी

इन ऐप्लिकेशन्स के क्रेता ओएनडीसी नेटवर्क के माध्यम से उन उत्पादों तक पहुंच बनाते है, जिनकी आप ऑनलाइन बिक्री कर रहे हैं।

### लॉजिस्टिक सेवा प्रदाता

आप अपने ग्राहकों को अपने उत्पादों की डिलीवरी के लिए लॉजिस्टिक्स सेवा प्रदाताओं की व्यापक रेंज से डिलीवरी सर्विसेज की अपनी स्वयं की शर्तें चुन सकते हैं।

स्कैन कीजिए और नेटवर्क पार्टिसिपेंट्स के साथ जुडिए

ओएनडीसी नेटवर्क पर बिक्री कैसे करें यह सीखने के लिए स्कैन करें
या + 91 8130935050 पर
"Hi" कहें और ओएनडीसी सहायक के साथ चैट करें

ONDC
Open Network for Digital Commerce

डिजिटल कॉमर्स के लिए ओपन नेटवर्क © 2023
डीपीआईआईटी की एक पहल

अधिक जानकारी के लिए, हमसे:
team@ondc.org पर संपर्क करें

@ondc_official @ondc ltd.
@open network for digital commerce (ondc) @ondc_official

संपूर्ण भारत में, ओएनडीसी नेटवर्क के माध्यम से बिक्री करने वाले अन्य विक्रेताओं को देखने के लिए www.ondc.org/sellers पर जाएं।

"यह केवल सूचना उद्देश्यों के लिए ही है। ओएनडीसी इसकी पूर्णता या सटीकता के संबंध में कोई दावा नहीं करता है।"

ONDC
डिजिटल कॉमर्स के लिए खुला नेटवर्क




# ऑनलाइन बिजनेस आसान और पारदर्शी बनाएं

ओएनडीसी, बनाया गया है, जो आपको पूरे भारत में खरीदारों को बेचने और अपने व्यवसाय को कई गुना बढाने का अधिकार देता है।

वर्तमान में, बिजनेस को ऑनलाइन रूप से स्थापित करने के लिए आपको विभिन्न ई–कॉमर्स प्लेटफॉर्म्स का हिस्सा बनना पड़ता हैं, जहां उन प्लेटफॉर्म्स के नियम और शर्तों का अनुपालन करने के लिए आपको विवश किया जाता है। तबभी आपका बिजनेस पूरी तरह से आपका नहीं होता है, चूंकि शुरू से लेकर अंत तक आपके बिजनेस को एक ही इकाई द्वारा नियंत्रित किया जाता है।



## वे चुनौतियां, जिनका सामना शायद आप वर्तमान में कर रहे हैं

### मैं एक ऑनलाइन विक्रेता हूं

- भुगतान में देरी
- अत्यधिक कमीशन
- ग्राहक डेटा तक कोई पहुंच नहीं
- बड़े प्लेटफॉर्म अपने नियम और शर्तें लागू करते हैं

### मैं एक ऑफ़लाइन विक्रेता हूं

- दुनिया में सीमित पंहुच है।
- भौतिक भंडारगृह के रख–रखाव की बढ़ी लागत
- नियमित बिक्री में चूंक होना
- अधिक खरीदारों तक पंहूच बनाने मे अशक्षम

**यदि आप इसी प्रकार की समस्याओं का सामना कर रहे हैं,** तो आपके बिजनेस को बढ़ने मे सहायता प्रदान करने के उद्देश्य से सरकार द्वारा समर्थित एक गैर–लाभकारी, ओएनडीसी प्लेटफॉर्म को प्रस्तुत किया जा रहा है, जिसमें अधिकार आपके ही हाथों में होंगे।

## तो ओएनडीसी क्या है?

ओपन नेटवर्क फॉर डिजिटल कॉमर्स (ओएनडीसी) **कोई ऐप नहीं** है। यह एक **खुला नेटवर्क है, जिसका उद्देश्य भारत में ई–कॉमर्स के क्षेत्र में क्रांति लाना है,** यह भारत सरकार द्वारा एक खुला नेटवर्क है।

- हम **सभी विक्रेताओं को समान अवसर प्रदान करते हैं,** इसलिए आपको बड़े दावेदारों पर निर्भर नहीं रहना पड़ता है।
- हम आपको **संपूर्ण भारत वर्ष के क्रेताओं के साथ जोड़ते हैं।**
- हम **उच्च व्यावसायिक उपस्थिति,** ज्यादा बड़ा ग्राहक आधार एवं उच्च आय सुनिश्चित करते हैं।
- ये सभी कार्य एक सरल और **100% निःशुल्क ऑनबोर्डिंग प्रक्रिया** के माध्यम से पूर्ण होते है।



## ओएनडीसी किस प्रकार आपको लाभ प्रदान करता है?

### मैं एक ऑनलाइन विक्रेता हूं

- किसी भी विक्रेता नेटवर्क भागीदार का चयन करें तथा अपनी स्वयं की शर्तों पर व्यवसाय संचालित करें
- समय पर भुगतान पाएं
- अपने ग्राहकों को उसी प्रकार से जानें जैसे आप उन्हें ऑफ़लाइन रूप से जानते हैं
- ग्राहक अब केवल बड़ी कंपनियों के ही नहीं अपितु सभी के सामने प्रत्यक्ष होंगे

### मैं एक ऑफ़लाइन विक्रेता हूं

- एक बार पंजीकरण करें तथा अपने उत्पादों को विभिन्न क्रेता एप्लीकेशनों में प्रदर्शित करें
- आपका व्यवसाय संपूर्ण भारतवर्ष के क्रेताओं को समान्य होगा
- आपके व्यवसाय एवं रेटिंग को प्रभावित किए बिना, विक्रेता एप्लिकेशन्स की तरफ जाने की सुविधा
- व्यवसाय संचालन की कम लागत

## अक्सर पूछे जाने वाले प्रश्न?

### मैं ओएनडीसी नेटवर्क के माध्यम से किस प्रकार से बिक्री कर सकता हूँ?

इसके लिए एक सरल 4–चरण की प्रक्रिया है।

**चरण 1**

स्वयं को पंजीत करें तथा किसी विक्रेता ऐप्लिकेशन पर ऑनबोर्ड (प्रवेश) करें, जोकि ओएनडीसी अनुशासन के अनुरूप है।

**चरण 2**

पंजीकरण को पूर्ण करने के लिए अपने केवाईसी दस्तावेज़ों को प्रस्तुत करें।

**इन आवश्यक दस्तावेज़ों में शामिल हैं:**

1. पैन कार्ड
2. आधार कार्ड (केवल दिल्ली के लिए)
3. जीएसटी प्रमाणपत्र
4. खाता–विवरण के लिए रद्द चेक
5. एफएसएसएआई (एफ एवं बी पैकेज्ड आइटम हेतु अनिवार्य)

**चरण 3**

पंजीकरण के पश्चात्, विक्रेता नेटवर्क प्रतिभागी आपके सभी उत्पादों का एक डिजिटल कैटलॉग तैयार करेगा। आपके पास एक विक्रेता एप्लीकेशन की पहुंच भी होगी, जिसके माध्यम से आप आसानी से आपके ऑनलाइन ऑर्डर्स, भुगतान को प्रबंधित और ट्रैक कर सकते है, तथा अपनी माल को अपडेट भी कर सकते हैं।

### मुझे ओएनडीसी पर ऑर्डर कहां से प्राप्त होंगे?

आपको आपके विक्रेता एप्लिकेशन स्क्रिन पर ऑर्डर संबंधी सूचनाएं प्राप्त होंगी। आप स्टॉक की उपलब्धता और अन्य प्रतिफलों के आधार पर ऑर्डर को स्वीकार करने या अस्वीकार करने का चयन कर सकते हैं। आप लाइव ऑर्डर की निगरानी भी कर सकते हैं तथा आपके ऑर्डर की डिलीवरी स्टेटस को ट्रैक भी कर सकते हैं।

### मुझे विक्रेता एप्लिकेशन का उपयोग करने के संबंध में प्रशिक्षित कौन करेगा?

आपके बिजनेस को ऑनलाइन रूप से प्रबंधित और विकसित करने से संबंधित जानकारी के लिए विक्रेता नेटवर्क प्रतिभागी टीम आपको प्रशिक्षित और सहायता प्रदान करेगी।

### मुझे अपना धन किस प्रकार से प्राप्त होगा?

विक्रेता नेटवर्क प्रतिभागी के साथ आपकी व्यावसायिक शर्तों के अनुरूप, ऑर्डर पूरा हो जाने के पश्चात् आमतौर पर 3–7 दिनों के भीतर आपके बैंक अकाउंट में भुगतान कर दिया जाएगा।